बर्ष:- 06
अंक:- 04
मुरादाबाद
(Saturday)
25 April 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पहले चरण के मतदान ने सत्ताधारी दल की नींदें उड़ाई, आरजी कर मामले पर पीएम बोले- दोषियों को मिलेगी सजा

### बंगाल का गौरव लौटाने के लिए तृणमूल से आजादी जरूरी



पश्चिम बंगाल के पानीहाटी में पीएम मोदी ने कहा कि आरजी कर मामले के हर दोषी को भाजपा सरकार सजा दिलाएगी। पीड़ित डॉक्टर की मां स्वप्ना देबनाथ यहां से उम्मीदवार हैं। मोदी ने 15 साल के %महाजंगलराज% पर निशाना साधते हुए घुसपैठ, सिंडिकेट राज और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में एक बहुत बड़ा और कड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि आरजी कर अस्पताल में हुए रेप और मर्डर केस की साजिश में शामिल किसी भी रसूखदार या अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पीएम मोदी ने जनता को भरोसा दिलाया है कि अगले महीने जब राज्य में भाजपा की सरकार बनेगी, तो हर एक अपराधी को खोजकर उसे सजा दी जाएगी। यह खबर बंगाल के उन सभी आम लोगों के लिए बहुत बड़ी उम्मीद है जो लंबे समय से इस दर्दनाक मामले में न्याय की मांग कर रहे हैं प्रधानमंत्री ने यह बात शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल चुनावी रैली के दौरान कही। यह वही पानीहाटी इलाका है जहां अगस्त 2024 में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जान गंवाने वाली महिला डॉक्टर का पुराना घर है। इस चुनाव में भाजपा ने उसी पीड़ित महिला डॉक्टर की मां स्वप्ना देबनाथ को इस सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। मोदी ने कहा कि स्वप्ना देबनाथ ने अपनी बेटी को देश की सेवा करने के लिए डॉक्टर बनाने में जीवन भर संघर्ष किया, लेकिन सत्ताधारी पार्टी के कुशासन वाले जंगलराज में उनकी बेटी छिन गई। उन्होंने वादा किया कि 4 मई को चुनाव के नतीजे आने के बाद हर जुल्म का हिसाब होगा।प्रधानमंत्री ने मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 15 वर्षों में इस सरकार ने बंगाल की पहचान को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। राज्य में लगातार घुसपैठियों को लाया जा रहा है और उन्हें यहां बसाया जा रहा है। ये घुसपैठिए बंगाल की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और यहां के स्थानीय लोगों का रोजगार छीन रहे हैं। एक तरफ सरकार का भारी भ्रष्टाचार है और दूसरी तरफ घुसपैठियों का जुल्म है। इस कारण से बंगाल के युवाओं को नौकरी की तलाश में अपने घर छोड़कर बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। राज्य में कोई नया निवेश नहीं आ रहा है और पुरानी फैक्ट्रियां भी बंद होकर दूसरी जगह जा रही हैं।रैली में पीएम मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके हकों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के राज में बेटियां बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। लेकिन जब भाजपा की सरकार आएगी, तो कोई भी रेपिस्ट या अपराधी सुरक्षित नहीं बचेगा। महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर जाकर मातृ शक्ति भरोसा कार्ड बांट रहे हैं। इस कार्ड के जरिए हर बहन को हर महीने 3000 रुपये यानी साल भर में 36,000 रुपये देने का पक्का वादा किया जा रहा है। मोदी ने यह भी याद दिलाया कि कैसे सत्ताधारी पार्टी ने संसद में महिला आरक्षण का विरोध किया था, जबकि पूरा देश चाहता है कि राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़े। क्या जादवपुर में सिंडिकेट और अवैध कब्जों का राज चल रहा है?- प्रधानमंत्री ने जादवपुर इलाके की खराब हालत का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जादवपुर में विकास को सिंडिकेट ने अपना कैदी बना लिया है। रेत, ईंट और सीमेंट की सप्लाई पर कुछ खास लोगों का कब्जा है। यहां अवैध खनन के मामले बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। जो लोग खुद को जादवपुर का शुभचिंतक कहते हैं, वही लोग जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। अगर कोई आम आदमी अपनी जमीन पर घर बनाना चाहता है, तो उसे सिंडिकेट को गुंडा टैक्स देना पड़ता है। जादवपुर यूनिवर्सिटी, जिसे पूरी दुनिया में सम्मान मिलता था, आज वहां पढ़ाई की जगह दीवारों पर देश विरोधी बातें लिखी जा रही हैं और छात्रों को सड़क पर प्रदर्शन करना पड़ रहा है। क्या दलितों और वंचितों तक केंद्र की योजनाएं नहीं पहुंच रही हैं?

जादवपुर और दक्षिण 24 परगना में रहने वाले दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि यहां बड़ी संख्या में हमारे ये भाई-बहन रहते हैं। केंद्र सरकार इन वर्गों के लिए बहुत सारी अच्छी योजनाएं चलाती है, लेकिन बंगाल की मौजूदा सरकार दलितों और वंचितों के खिलाफ है। वह केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ इन गरीब लोगों तक नहीं पहुंचने देती है। मोदी ने जनता को भरोसा दिया कि 4 मई के बाद जब भाजपा की एक मजबूत सरकार बनेगी, तो बंगाल की ये सारी समस्याएं खत्म हो जाएंगी। तब अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समाज के लोगों को केंद्र की सभी योजनाओं का पूरा फायदा मिलने लगेगा। क्या पहले चरण के चुनाव ने सत्ताधारी पार्टी की नींद उड़ा दी है? पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल आज 15 साल के %महाजंगलराज% से परेशान है, जिसमें बहुत खून बहाया गया है। लेकिन अब एक नई क्रांति शुरू हो गई है। गुरुवार को 152 सीटों पर हुए पहले चरण के मतदान ने सत्ताधारी पार्टी को डरा दिया है। चुनाव हारने के डर से वे हताश होकर गुंडों को भड़का रहे हैं। मोदी ने कहा कि बंगाल के इतिहास में पहली बार ऐसा भारी मतदान हुआ है। आज नाविक से लेकर सरकारी कर्मचारी और पुलिस अधिकारी तक, हर कोई बदलाव के लिए भाजपा पर भरोसा कर रहा है और %पल्टानो दोरकार% (बदलाव चाहिए) कह रहा है। मोदी ने अपील की कि 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान में लोग %विकसित बंगाल% के लिए वोट करें और भ्रष्ट सरकार को पूरी तरह से हराएं।

## वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, मैं भेलपुरी खिलाऊंगी, ममता बनर्जी का भाजपा पर तीखा हमला



विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बंपर वोटिंग को लेकर भाजपा के आत्मविश्वास पर सवाल उठाते हुए ममता बनर्जी ने पूछा, क्या उन्होंने ईवीएम पहले से सेट कर दी हैं? वरना आपको अपनी जीत की उम्मीद कैसे है?पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बौबाजार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे झालमुड़ी का वादा कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको भेलपुरी खिलाऊंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि झारग्राम में प्रधानमंत्री के झालमुड़ी खाने का कार्यक्रम पहले से तैयार किया गया था।पीएम मोदी के झालमुड़ी खाने के वीडियो पर ममता बनर्जी ने उठाए सवाल- ममता बनर्जी ने दावा किया कि दुकान पर पहले से सीसीटीवी और टीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, सुरक्षा के नाम पर झालमुड़ी घर से बनाकर लाई गई थी और दुकानदार को सिर्फ 10 रुपये दिए गए। भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा, %वे कहते हैं कि जीतने पर झालमुड़ी खाएंगे, लेकिन मैं कहती हूं कि दिल्ली से आपको भेलपुरी खिलाऊंगी। चुनाव जीतने के लिए झालमुड़ी दिखा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने आगे कहा, हम तीखी झालमुड़ी के आदी हैं, लेकिन क्या आपने कभी मछली और चिकन करी खाई है? मैं आपका ढोकला खाती हूं, डोसा खाती हूं, लिट्टी, ठेकुआ और सत्तू भी खाती हूं। ईद पर सेवइयां और हलवा भी खाती हूं, मुझे धर्म मत सिखाइए।% इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कृष्णानगर में रैली के दौरान तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा कि उनकी झालमुड़ी ने सत्तारूढ़ पार्टी को जोरदार झटका दिया है। टीएमसी पर घुसपैठ को संरक्षण देने और जंगलराज को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने मातुआ और नामशूद्र समुदायों को शरण देने का वादा किया। उन्होंने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा।

## पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल, बोले- यूपी में जंगलराज



राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया और कहा कि सरकार जाति देखकर कार्रवाई करती है।राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में जंगलराज चल रह रहा है। अपराधियों पर जाति देखकर कार्रवाई होती है।उन्होंने कहा कि हरदोई के मल्लावां में युवती को फावड़े से काट दिया गया। युवती ने कार्रवाई के लिए मुकदमा दर्ज करवाया था पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाने के इंस्पेक्टर और हरदोई एसपी की लापरवाही से ऐसी वारदात हुई।उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकर्ता पीड़ित परिवार से मिलने गए तो उन पर कार्रवाई की गई और उन्हें जेल भेजा जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में जंगलराज जैसे हालात हैं और योगी की पुलिस के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। आरोप लगाया कि ज्यादातर अपराधी मुख्यमंत्री जी के सजातीय हैं। ऐसे लोगों पर बुलडोजर कब चलेगा। अगर कोई ओबीसी या अल्पसंख्यक होता है तो तुरंत कार्रवाई होती है। मौर्य ने कहा कि कौशांबी, देवरिया, कानपुर, हरदोई और गाज़ीपुर में युवतियों की हत्या की गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल है।


## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं की सुरक्षा, हमारी प्राथमिकता: बंगाल में अमित शाह बोले- भय जाने वाला है, भरोसा आने वाला है

पश्चिम बंगाल चुनाव में पहले चरण के रिकॉर्ड मतदान के बाद सियासी हलचल तेज है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में प्रेस वार्ता कर जनता को धन्यवाद देते हुए इसे परिवर्तन का संकेत बताया। उन्होंने चुनाव आयोग, CAPFs और पुलिस की सराहना की और कहा कि लंबे समय बाद शांतिपूर्ण मतदान हुआ, जिसमें किसी की मौत नहीं हुई। यह बेहतर चुनाव व्यवस्था का परिणाम है।पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का सियासी माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। पहले चरण में हुए रिकॉर्ड मतदान ने जहां चुनावी मुकाबले को नया मोड़ दिया है, वहीं अब सभी राजनीतिक दल दूसरे चरण की तैयारी में पूरी ताकत झोंकते नजर आ रहे हैं। 29 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण से पहले राजधानी कोलकाता में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी बीच शुक्रवार को भाजपा के शीर्ष नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कोलकाता में प्रेस वार्ता किया, इस दौरान उन्होंने बंगाल चुनाव के लिए पहले चरण में हुए रिकॉड मतदान के लिए राज्य की जनता का धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि बंगाल की जनता ने परिवर्तन के लिए वोट किया है। बंगाल की जनता को बधाई दिया। अमित शाह ने कहा कि कल के मतदान में बंगाल की जनता ने परिवर्तन के लिए वोट दिया, जिसके लिए मैं उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य में चुनाव बेहद शांतिपूर्ण तरीके से हुए हैं

## सीएम योगी बोले- अब धरातल पर उतर रहे कृषि के शोध, किसानों में उत्साह दिखा

### जब मुख्यमंत्री योगी की फोटो लेने के लिए सांसद रवि किशन ने थामा मोबाइल, करते दिखे डायरेक्शन





क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब प्रदेश के किसानों में उत्साह है। पहली बार कृषि इनोवेशन धरातल पर उतरा था। लैब के शोध को लैंड तक पहुंचाया गया।लखनऊ में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों की अलग-अलग समस्या और समाधान हैं। पिछले साल खेती की बात खेत में कार्यक्रम चलाया गया। उसका फायदा मिला है। किसानों में उत्साह दिखा। पहली बार कृषि इनोवेशन धरातल पर उतरा था। लैब के शोध को लैंड तक पहुंचाया गया। यह बड़ा काम हुआ है। इसे आगे बढ़ाना होगा। हमारे पास सब है। बस नेतृत्व देना है। यह भारत सरकार की पहल सराहनीय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है पहले नीतियां बनती थीं और कागज पर सब हो जाता था। अब ऐसा नहीं है। हमें शासन की योजना के बारे में किसानों को अवगत कराना है। वर्ष 2017 में 69 कृषि विज्ञान केंद्र थे। वे बंदी के कगार पर थे। जवाबदेही नहीं थी। कृषि मंत्री ने बताया कि भारत सरकार नए कृषि विज्ञान केंद्र देना चाहती है लेकिन उस वक्त नहीं लिया गया। हमने लिया। अब हर कृषि विज्ञान केंद्र काम कर रहे हैं। आठ फीसदी कृषि विकास दर 18 प्रतिशत पर पहुंची है। कृषि और उत्पादन में समन्वय हो तो विकास में गति मिलती है। कृषि में हमारा शेयर 20 फीसदी तक है। अब नया प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक निर्णयक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई इंटरनेशनल सेंटर उपलब्ध कराए हैं। ये बेहतरीन परिणाम दे रहे हैं। समय पर बीज मिल गया तो उत्पादन बढ़ सकता है। यूपी में कई स्थानों पर 100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक हुआ है। उद्यान में आम की फसल प्रभावित हुई है। फिर भी लगत कम करके उत्पादन बढ़ाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। प्राकृतिक और जैविक खेती को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने बाराबंकी के राम शरण वर्मा का उदाहरण दिया। बोले कि ये 10वीं फेल हैं लेकिन वैज्ञानिक खेती कर रहे हैं। इस किसानों को चिन्हित करना होगा।

उनके अनुभव दूसरे किसानों को बताना होगा। कुछ किसान तीन से चार फसल लेते हैं। इसे दूसरे किसानों को बताना होगा।। मुख्यमंत्री ने कहा है 10 से 12 घंटे बिजली दे रहे हैं। पहले किसान को कुछ बताते नहीं थे। अब जागरूकता आई है। तीसरी फसल ले रहे हैं। ये जागरुकता से संभव हुआ।। इटावा, ओरैया और कानपुर देहात के किसान तीन फसल ले रहे हैं। मक्का प्रति एकड़ एक लाख कमा रहे हैं।

अब किसान को भरोसा है कि उसकी पहल बेकार नहीं जाएगी। गेहूं 425 लाख मीट्रिक टन अकेले कर रहे हैं। आलू 245 लाख मीट्रिक टन हो रहा है। ये रिकॉर्ड है यूपी के नाम। उन्होंने कहा कि यूपी ने सब्जी से लेकर फल में छलांग लगाई है। पोटैटो सेंटर मिला है जो जल्द ही शुरू होने वाला है।

संपादकीय Editorial

# Your Vote for the City

The bugle has sounded for the first phase of local body elections, and the code of conduct has begun to see how heated the issues will be this time in the scorching heat of the afternoon. While the Panchayati Raj Institution elections haven't yet opened their doors, Himachal will still be serving up electoral sweetness and chutney for a few days. Disjointed conversations, broken threads, and new equations are emerging on the political stage, preparing for a coronation. Clearly, Himachal will redefine urbanization through a coalition of its 51 cities. Many questions about municipal leadership are being raised, while many people with their eyes set on the political ladder will participate. The positive aspect is that cities that have transitioned from villages to Nagar Panchayats, from Nagar Panchayats to Municipal Councils, and from Municipal Councils to Municipal Corporations are now beginning to identify issues specific to urban needs. However, Himachal has not yet matured in identifying councilors, resulting in a mess at the municipal corporation level. At least who will convey to the public why urbanization increases the test of survival and the need to fulfill one's duty as a means of identifying one's existence? The implication here is that the village stove tax, which cripples the need for city property taxes, suggests that the public wants to live in unbridled ghettos. If the residents of the areas included in the Dharamshala Municipal Corporation, which is nearing its third election, are writing history by refusing to pay property taxes, how will the city progress? It's also surprising that there is no clear roadmap for the future in the face of the challenges of urbanization. If the blueprints for basic amenities like water supply, electricity, drainage, sewerage, urban transportation, modern markets, parks, and parking are incomplete, what vision will the future hold? If elections are merely a political arena, a Congress versus BJP contest, how will civil society be highlighted? Candidates in municipal elections can only spend a maximum of one lakh rupees, so these idealistic platitudes sound good only when compared to the reality that the norms of spending have changed to keep political symbols alive. As in general elections, the municipal electoral battle is witnessing numerous stages of character destruction. Consequently, neither purity nor sanctity will be maintained in the electoral process. It is a different matter that the political mood of the state and the styles of political parties will be exposed. It is hoped that the ruling and opposition parties will present their promises regarding urbanization and reveal their models. New crownings for women's reservations and many other socially parallel political arenas will be used to create many toys. Politics will see its own faces, the opposition will have a new opportunity, and the issues lingering in the electoral landscape will receive oxygen, leaving the issue of civil rights far behind. It remains to be seen whether Himachal will be able to adapt itself to good governance in its smaller units. On the economic front, what can we do to address the employment generated by urbanization? It's surprising that the Smart City projects in Shimla and Dharamshala in Himachal Pradesh failed to achieve their intended purpose. The flags of the TCP Act failed to grasp the essence of urbanization. If citizens evading stove and property taxes are rejecting the very principles of urbanization, what can we expect from the results of the municipal elections?

# Politics plagued by populism

Welfare spending is a social and moral imperative, but good governance requires a focus on infrastructure, education, health, sanitation, and law and order. The growing influence of populism in Indian politics. A production-focused welfare policy is essential for economic development. It is important to understand the difference between social justice and socialism. Amid hopes for the shaky ceasefire between the US and Iran to stabilize, and the disappointment arising from the collapse of the women's reservation bill on the domestic front, attention is now squarely focused on domestic politics, which is much more within our control than any global conflict. Elections are scheduled for several states this year. However, it's no surprise that elections don't happen in any year. So far, elections have been held in Assam, Kerala, and Puducherry. Elections in Bengal and Tamil Nadu will also be completed this month. Elections are scheduled for Punjab and Uttarakhand, as well as the politically crucial state of Uttar Pradesh, early next year. While the Special Intensive Revision of Voter Lists (SIR) has been a hot topic in these elections, political parties are, as always, competing to garner votes through religion, caste, regional identity, and populism. Naturally, our social fabric and economy suffer the adverse consequences of this regionalism and freebie politics. The test of economic management is often considered the fundamental and most important aspect of governance. In India, the total annual expenditure of the central, state, and local bodies is approximately ?90 lakh crore. Considering financial transfers from the central government, state governments and local bodies together spend approximately ?60 lakh crore. State governments have direct control over local bodies. This means that the bulk of expenditure responsibility rests primarily with state governments and their discretion. Considering total government expenditure, more than ?8 lakh crore is spent solely on political freebies like free rations, cash transfers, farm loan waivers, and agricultural subsidies. This does not include expenditure on education and health. Is this expenditure on freebies excessive or unbalanced in proportion to total expenditure? If compared to the system in developed countries, the answer would be "no." Developed countries have their own unique list of freebies. While it may be called social security, the concept is certainly unfamiliar to them. However, a fundamental difference is that while in developed countries such expenditures are fully institutionalized and part of the social contract, in India these expenditures are an example of arbitrariness, largely due to competitive populism arising from electoral pressure. The nature and form of this expenditure also differ. Compared to agricultural loan waivers in India, the US offers examples such as subsidized crop insurance and low-interest loans. Considering an economy like India, Brazil has a system of conditional cash transfers, tied to criteria such as school attendance and vaccination. All these populist schemes are funded from taxpayers' pockets, but abroad, there are robust systems for this. In developed countries, such schemes are presented as risk management and social contracts. Their delivery mechanisms also yield better results. The concept of a welfare state is not new or unique. We should consider whether we are doing enough to transform our welfare state into a state that provides opportunities. The mathematics for achieving India's goal of becoming a developed nation by 2047 is simple. To achieve this, we must achieve economic growth at a rate of at least 8 percent for two decades. We must adopt a production-focused welfare approach, where fiscal priorities are oriented towards capacity-building investments rather than consumption-based subsidies. Estimates suggest that every rupee spent on infrastructure and human development has a multiplier effect of 2.5 to 4 rupees on GDP, while one rupee in free distribution schemes provides productivity equivalent to only 0.9 rupees. Welfare spending is a social and moral imperative, but good governance requires a focus on infrastructure, education, health, sanitation, and law and order. Are our elections being fought on these issues, and more importantly, are our voters prioritizing them? How long will the politics of the deprived, regional sub-nationalism, identities, and populism continue to dominate elections? Assistance to the deprived is essential, but the ultimate goal should be to gradually reduce their dependence on aid. Self-reliance is equally desirable and necessary not only at the national level but also at the personal level. Teaching the hungry how to cook is far more useful than simply giving them cooked food. Our policymakers may disagree on various issues, but a national consensus on the fundamental principles of economics must be reached. Our citizens must also contribute to making electoral politics development-centric. Eliminating age-old inequality is an excellent idea. Equality is also a constitutional principle, but what is our ultimate goal? Should it be equal income or equal opportunity? We mistakenly confuse social justice with socialism. As important as it is to ensure social justice as a lofty idea, it is equally important to reject socialism. Inclusive development is certainly our goal, but the path to achieving it cannot be a failed model. It should not be forgotten that while capitalism produces and creates, socialism only promotes unproductiveness.

# Tamil Nadu Politics Shifting Colors

There are divergent sentiments in the southern states regarding delimitation. Tamil Nadu Chief Minister and DMK chief Stalin has been vocal in his opposition and has never missed an opportunity to target the BJP. The anti-incumbency wave within the DMK and the challenge of nepotism have strengthened Palaniswami's leadership within the AIADMK, increasing unity. Tamil Nadu's political landscape will be triangular with actor Vijay's TVK. India's electoral landscape is such that at least one national party is in contention in major states, but Tamil Nadu is a major exception. From the country's oldest party, the Congress, to the BJP, which has now established itself as the country's largest party, both are merely allies in this state. The ruling DMK and the opposition AIADMK-led factions are striving to balance power equations with their respective allies. Actor-turned-politician Vijay's newly formed party, the Tamil Nadu Vetri Kazhagam (TVK), is trying to make the state's politics, which has been bipolar for nearly five decades, triangular. Since the DMK is not only the ruling party but also the original pioneer of Dravidian politics, it is useful to first discuss its prospects. Looking at the state's political history, despite being the pinnacle of Dravidian politics, the DMK has never been able to return to power twice in a row. Whereas the AIADMK, under the leadership of M.G. Ramachandran, won three consecutive elections in 1977, 1980, and 1984, and then again in 2011 and 2016 under J. Jayalalithaa. This simply implies that the DMK has been unable to counter the anti-incumbency sentiment during its rule. Examining the reasons for this, the party has primarily relied on family leadership and has never placed much emphasis on the strength of its workers or organization. It is also hushed tones that during the party's tenure, the arrogance and corruption of its organizational workers, especially at the district level, have proven detrimental to the party. In such a situation, while public dissatisfaction with the regional leadership may not be as pronounced, the party has been paying the price for the local leadership's actions. While it's not just the DMK that suffers from such inconsistencies, the party has so far been unable to find an effective solution to the anti-incumbency trend. It remains to be seen whether the DMK can defy this trend in this election. One reason for the DMK's failure to return to power could be that many parties in Dravidian politics have splintered from it. Even the AIADMK was formed from a split within the DMK. This includes the MDMK and several other small and large parties. Clearly, the emergence of these parties has diminished the DMK's support base, as a newly formed party advances at the expense of its existing support base. This further bolsters caste and class mobilization. The party's social structure also weakens as certain sections of society disengage from it. Speaking of the AIADMK, the leadership vacuum created by the deaths of first M.G. Ramachandran and then Jayalalithaa remained unresolved for a long time. In the DMK, party patriarch M. Karunanidhi, during his lifetime, had declared M.K. Stalin as his political successor, deciding on generational leadership. Stalin's son, Udhayanidhi, is already being groomed for the next generation of leadership within the DMK. Meanwhile, after Jayalalithaa's death, the AIADMK split into several factions, which resulted in political losses. However, this situation has improved somewhat over time. E. Palaniswami, who took over the reins of the party and government after Jayalalithaa, was considered weak both organizationally and governmentally, but he has now significantly strengthened his position. He has been successful in pacifying disgruntled factions. The Dhinakaran faction has now joined him. The BJP is also contesting the state elections with these parties as part of the National Democratic Alliance. Only time will tell whether this united alliance will succeed in ousting the DMK and returning to power in the state. The structure of the next government in the state will also depend heavily on the performance of actor Vijay's TVK. Experts are divided on his performance. Nevertheless, voters in the state, disappointed with both parties, see Vijay as a ray of hope. His appeal extends across almost all segments, but he enjoys significant support, particularly among youth, women, religious minorities, and lower-middle-class families. It remains to be seen how much this support translates into votes. However, if his party manages to secure 15 to 20 percent of the vote, it is certain to upset the state's established parties and their alliances. While national parties may not have much political influence in the state, national discourse can certainly play a role. The issue of delimitation has been a hot topic recently, leading to the failure of the Women's Reservation Amendment Bill. There are varying sentiments regarding delimitation in the southern states. Tamil Nadu Chief Minister and DMK leader Stalin has been vocal in his opposition to this and never misses an opportunity to target the BJP. Therefore, if he becomes more aggressive on this issue, it could lead to a BJP alliance. The AIADMK suffered losses due to its involvement in the BJP. Furthermore, given the significant number of women voters in the state, this election will test the narrative of how successful the BJP alliance is in blaming the DMK for the failure of women's reservation.

# मुरादाबाद-संभल हाईवे पर भीषण हादसाः डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में मारी टक्कर, सास-बहू समेत चार की मौत, 14 घायल



मैनाठेर में हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सभी लोग भात कार्यक्रम से लौट रहे थे। मुरादाबाद-संभल मार्ग पर शुक्रवार सुबह सड़क हादसे ने शादी वाले घर की खुशियों को मातम में बदल दिया। थाना मैनाठेर क्षेत्र में असदपुर पुलिया के पास तेज रफ्तार डंपर ने भात देकर लौट रहे लोगों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में सास-बहू समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक संभल के कैलादेवी थाना क्षेत्र के भटोला गांव निवासी उषा अपनी बेटी की शादी के सिलसिले में परिवार के साथ मैनाठेर के गुरेर गांव आई थी। यहां उसके भाई तेज प्रकाश और सतीश के घर भात का कार्यक्रम था। बृहस्पतिवार रात सभी लोग वहीं रुके और शुक्रवार सुबह करीब छह बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस लौट रहे थे।इसी दौरान जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली असदपुर पुलिया के पास पहुंची, मुरादाबाद की ओर से आ रहे मिट्टी से भरे तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रॉली में सवार लोग सड़क पर गिर पड़े और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में मासूम अजीत (10), शांति देवी (55), सुमन (30) और एक अन्य महिला की मौत हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां सभी का इलाज जारी है। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा फरार चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# सलाखों के पीछे से लिखी सफलता की कहानी, मुरादाबाद में तीन बंदियों ने हासिल की प्रथम श्रेणी




मुरादाबाद जिला जेल में बंद तीन बंदियों अनुज, पंकज गुप्ता और रोहित कुमार ने मेहनत के दम पर यूपी बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की है। एक अन्य बंदी आकाश कुमार असफल रहामुरादाबाद जिला जेल में बंद तीन बंदियों ने अपनी मेहनत और लगन से यूपी बोर्ड की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की है। इन बंदियों ने सलाखों के पीछे रहते हुए शिक्षा की नई कहानी लिखी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में बंदी अनुज ने 429 अंक प्राप्त किए।उसने 71.6 फीसदी अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। इंटरमीडिएट की परीक्षा में बंदी पंकज गुप्ता ने 343 अंक हासिल किए। पंकज ने 68.6 फीसदी अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। रोहित कुमार ने 342 अंक पाकर 68.4 फीसदी के साथ इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की। एक अन्य बंदी आकाश कुमार ने भी इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। हालांकि वह अनुत्तीर्ण हो गयाजमानत पर हैं तीन बंदी- मुरादाबाद। मुरादाबाद जेल के इन बंदियों ने अपनी परीक्षाएं बरेली सेंट्रल जेल में दी थीं। इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले दोनों बंदी और अनुत्तीर्ण होने वाले तीसरा बंदी जमानत पर जेल से रिहा हो चुके हैं। वह अब अपनी आगे की पढ़ाई और जीवन की नई शुरुआत कर सकते हैं। दूसरी ओर हाईस्कूल की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाला बंदी अनुज अभी भी जेल में ही बंद है। जेल प्रशासन उसके भविष्य की शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जेल प्रशासन का सहयोग- जेल अधीक्षक आलोक सिंह ने हाईस्कूल पास करने वाले बंदी अनुज को मिठाई खिलाकर बधाई दी। उन्होंने अनुज को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। यह पहल बंदियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होगी। जेल प्रशासन शिक्षा के माध्यम से बंदियों के पुनर्वास पर जोर दे रहा है।

# डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो बच्चों समेत चार की मौत..16 घायल

मुरादाबाद । मैनाठेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिलाओं और दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 15-16 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह करीब 5ऱ25 बजे असदपुर पुलिया के पास हुआ। जानकारी के अनुसार संभल जनपद के भटौला गांव निवासी नरेश सैनी अपने रिश्तेदारों के साथ गुरुवार रात मुरादाबाद के गुरेर गांव में बेटी की शादी में भात देने गए थे। शुक्रवार सुबह सभी लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे बजरी से भरे डंपर ने ओवरटेक करने के प्रयास में ट्रैक्टर-ट्रॉली को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में 55 वर्षीय शांति देवी पत्नी तोताराम, सुमन पत्नी विनोद और अजित पुत्र विनोद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सृष्टि ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही मैनाठेर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक किरण पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फरार चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कलीम के गोदाम पर छापाः ब्रांडेड कंपनियों के एक्सपायर्ड चिप्स और नूडल्स मिले, नए पैकिंग भरकर बेचे जा रहे थे



अमरोहा जिले में खाद्य विभाग की छापेमारी में एक्सपायर्ड चिप्स और नूडल्स को नए पैकेट में भरकर बेचने का खुलासा किया है। एक भंडार गृह से 10 हजार से अधिक पैकेट जब्त कर स्टॉक सील किया गया है। आरोपी कलीम के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश के कई जिलों में ब्रांडेड कंपनियों के एक्सपायर्ड चिप्स और नूडल्स बेचे जा रहे हैं। ढकिया चमन गांव में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारकर 10 हजार से ज्यादा खाद्य पदार्थों के पैकेट जब्त किए हैं। इनमें बड़ी मात्रा में नूडल्स और मूंगफली के दाने, चिप्स के पैकेट भी बरामद किए हैं।विभाग की पड़ताल में जो पता चला है उसके मुताबिक एक्सपायर्ड चिप्स और नूडल्स को नए पैकेट में भरकर बेचा जा रहा था। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त खाद्य विनय अग्रवाल के नेतृत्व में ढकिया चमन गांव में छापे के दौरान की गई। छापा दल ने बताया कि गांव में इस काम को कलीम नाम का शख्स कर रहा था।उसके गोदाम पर बृहस्पतिवार को टीम ने छापा मारा तो वहां वे सारे उत्पाद मिले जो आजकल बच्चों से लेकर बड़ों तक के बीच लोकप्रिय हैं। स्कूल, दफ्तर से लेकर सफर तक लोग इनका खूब इस्तेमाल करते हैं।

इनमें चिप्स, नूडल्स, काजू बर्फी, मूंगफली के दाने, तरह-तरह की नमकीन, चाय के साथ खाए जाने वाले रस्क समेत अन्य कई उत्पाद हैं। अब तक की जांच में स्पष्ट हुआ है कि यह सभी उत्पाद एक्सपायर होने के बाद पैकेटों पर तारीख बदलकर बेचे जाते हैं।

साथ ही इन्हें खोलकर बड़ी पारदर्शी पॉलिथीन या पैकेटों व पेटियों में भरकर बेचा जाता है। सहायक आयुक्त ने बताया कि पकड़े गए माल की कीमत चार लाख रुपये से अधिक है। पूरे स्टॉक को सील कर दिया है। सहायक आयुक्त ने कहा कि यह जनस्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ है। इस काम को करने वाले कलीम को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य पदार्थों के एक्सपायरी से संबंधित धाराओं में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत वाद की प्रक्रिया शुरु कर दी है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जानकारी मिलने पर सहायक आयुक्त खाद्य अपूर्व श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंच गए। टीम में यह रहे शामिल- सहायक आयुक्त खाद्य के नेतृत्व वाली टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार, कुलदीप कुमार दीक्षित, राकेश कुमार और विपिन कुमार शामिल रहे। टीम यहां से मिली जानकारियों के आधार पर और स्थानों पर भी जांच करेगी। चिप्स के 10 हजार पैकेट, 200 पेटी नूडल्स-जांच टीम ने बताया कि मौके से चिप्स करीब 10 हजार पैकेट, नूडल्स 200 पेटी, मूंगलफली और नमकीन के 1200 पैकेट, काजू बर्फी 400 पैकेट, मूंगदाल 2500 पैकेट, रस्क करीब 400 पैकेट, पारदर्शी पालिथीन में नमकीन करीब 100 किलोग्राम मिली है। इसकी कीमत चार लाख रुपये से ज्यादा आंकी गई है।

# दंपती की हत्या में फरार 25 हजार के दो इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार, फरजंद व सुहेल के पैर में लगी गोली



सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक में राजा और उसकी पत्नी फराह की हत्या के मामले में फरार आरोपी फरजंद और सुहेल को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम था। पैर में गोली लगने के बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक में राजा और उसकी पत्नी फराह की हत्या करने बाद फरार आरोपी फरजंद और उसके चचेरे भाई सुहेल को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। दोनों के पैर में गोली लगी है और उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।राजा के भाई शुएब चक्कर की मिलक निवासी फहीम, उसके बेटे फरजंद, आरिफ, नवाब, फहीम, अनस और फहीम के भतीजे के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें शुएब ने बताया कि उसके भाई राजा ने फहीम, आरिफ और नवाब से एक साल पहले एक प्लॉट दो लाख 24 हजार रुपये में खरीदा था।

राजा ने दो लाख रुपये दे दिए थे। 24 हजार रुपये बकाया चल रहा था। इन रुपयों को लेकर फहीम और राजा में विवाद हुआ था। सोमवार की रात करीब आठ बजे फहीम बेटे फरजंद, अपने चचेरे भाई और साथी अनस के साथ राजा के घर पहुंचा और चाकू से गोदकर राजा और उसकी पत्नी फराह की हत्या कर दी थी। फहीम और अनस को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपी फरार हैं। इस दोहरे हत्याकांड के आरोपी आरिफ, नवाब, फरजंद और सुहेल की गिरफ्तारी पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस की तीन टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बृहस्पतिवार की शाम सात बजे पुलिस को सूचना मिली कि अगवानपुर समरवैली स्कूल के पीछे फरजंद और उसका चचेरा भाई सुहेल पीछे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तीनों भाइयों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। जिसमें फरजंद और सुहेल पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईस्कूल में कनिष्का और इंटरमीडिएट में सेजल बने जिला टॉपर

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परिणाम गुरुवार शाम करीब 4 बजे घोषित हो गया। हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक की कनिष्का गंगवार ने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिला टॉप किया है। जबकि इंटरमीडिएट में




श्यामा देवी इंटर कालेज रास डंडिया मिलक सेजल आर्या ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान पाया है। यूपी बोर्ड का परिणाम घोषित होने से पहले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की दिल की धड़कनें बढ़ी रहीं। रिजल्ट घोषित होने के बाद छात्र-छात्राओं ने यूपी बोर्ड की साइट पर रिजल्ट देखा। जिले के टॉप टेन में हाईस्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज मिलक की कनिष्का गंगवार ने 93.67 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिला टॉप किया है। दूसरे स्थान पर कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक की समीक्षा कुमारी 93.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर हैं। श्री गुरुनानक इंटर कालेज बिलासपुर दीक्षा 93 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर हैं। जबकि इंटरमीडिएट में श्यामा देवी इंटर कॉलेज रास डंडिया मिलक सेजल आर्या ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके जिले में प्रथम स्थान पाया है। कलावती कन्या इंटर कालेज धनेली उत्तरी मिलक की मन्तशा 89.80 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर हैं। केकेएमपी इंटर कालेज सरकथल टांडा की शीरीन ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पर हैं। रिजल्ट के लिए सुबह से इंतजार था इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय समेत तमाम स्कूल कालेज में रिजल्ट यूपी बोर्ड की साइट पर देखा गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं में जोश रहा और जैसे ही टॉप टेन में छात्र-छात्राओं ने अपने नाम देखे वे खुशी से झूम उठे। कॉलेज के प्रधानाचार्यों समेत माता-पिता को मिठाई खिलाई और विक्ट्री का निशान बनाकर खुशी जताई।हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षाफल घोषित हो गया है। जो बच्चे असफल हुए हैं वह निराश नहीं हों अगले वर्ष के लिए अभी से मेहनत शुरू कर दें और अच्छे नंबरों से पास होकर दिखाएं। जो बच्चे सफल हुए हैं उनको बहुत-बहुत शुभकामनाएं। - अंजलि अगवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक।

### जेल में चार कैदियों ने पास की यूपी बोर्ड परीक्षा

रामपुर। जेल की चारदीवारी के भीतर रहकर भी कैदियों ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा से जीवन बदला जा सकता है। इंटरमीडिएट और हाईस्कूल परीक्षाओं में जेल में बंद चार कैदियों ने हिस्सा लिया और सराहनीय सफलता प्राप्त की। सीमित संसाधनों, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों के बावजूद इन कैदियों ने निरंतर अध्ययन जारी रखा।जेल प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराई गई पुस्तकों, मार्गदर्शन और अध्ययन के माहौल ने इनकी तैयारी को मजबूत बनाया। हाईस्कूल के तीनों कैदियों ने प्रथम और इंटर के इकलौते कैदी ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। अधिकारियों का कहना है कि शिक्षा सुधार का महत्वपूर्ण माध्यम है और ऐसे प्रयासों को आगे भी जारी रखा जाएगा। इन सफलताओं से यह संदेश जाता है कि व्यक्ति चाहे किसी भी परिस्थिति में हो, यदि वह ठान ले तो अपने भविष्य को नई दिशा दे सकता है।कैदियों के नाम,कक्षा व प्रतिशत- नाम - कक्षा - प्रतिशत-शादाब- दसवीं- 75.50 प्रतिशत सुधीर- दसवीं- 74.83 प्रतिशत उमेश- दसवीं - 69.66 प्रतिशत मो.यूसुफ - इंटर- 53.40 प्रतिशत

### लकड़ी तस्करी पर कसेगा शिकंजा, चार टीमों का हुआ गठन

रामपुर। पीपली वन क्षेत्र में लगातार सामने आ रहे अवैध पेड़ कटान के मामलों को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने सख्त कदम उठाए हैं। लकड़ी की तस्करी पर रोक लगाने के लिए विभाग ने फ्लाइंग स्क्वायड टीम का गठन किया है, जो संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करेगी।जनपद में डीएफओ के निर्देश पर फ्लाइंग स्क्वायड के अलावा तीन अन्य टीमों का भी गठन किया गया है। ये टीमें अलग-अलग क्षेत्रों में नियमित गश्त कर अवैध कटान और तस्करी पर नजर रखेंगी। विभाग ने विशेष रूप से पीपली वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अपना प्रदेश

www.knlslive.com

25 April 2026



# भाईचारा कमेटी में नई ऊर्जा: आज़ाद समाज पार्टी की अहम नियुक्तियां



क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत । जनपद में संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने भाईचारा कमेटी में महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की है। पार्टी नेतृत्व की सहमति से मो0 शोहेल खाँ को ज़िला सह संयोजक, पीलीभीत तथा मोहम्मद इमरान अंसारी को नगर प्रभारी, बीसलपुर नियुक्त किया गया है।

इन नियुक्तियों को पार्टी के प्रति दोनों नेताओं की लंबे समय से की जा रही मेहनत, समर्पण और निष्ठा का सम्मान माना जा रहा है। घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और इसे संगठन विस्तार की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया गया।

पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार, नव नियुक्त पदाधिकारी अपने अनुभव और नेतृत्व क्षमता के बल पर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। साथ ही भाईचारा, एकता और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने के साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

जिला संयोजक इमरान बाबू ने दोनों पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि ये नियुक्तियां संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेंगी और सामाजिक बदलाव की दिशा में मजबूत आधार तैयार करेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। इन नियुक्तियों से यह स्पष्ट है कि पार्टी जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए सक्रिय रणनीति पर काम कर रही है, जिसका असर आगामी समय में स्थानीय राजनीति पर भी देखने को मिल सकता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वर्षा ऋतु में बाढ़ के कारण ड्रेनेज सिस्टम/जल निकासी में सुधार के कार्यों के संबंध में बैठक हुई संपन्न



क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत । जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में वर्षा ऋतु में बाढ़ के कारण ड्रेनेज सिस्टम/जल निकासी के सुधार हेतु बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु नालों के निर्माण, चौड़ीकरण एवं साफ सफाई पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मानचित्र एवं वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नदियों की वर्तमान स्थिति का विस्तारपूर्वक अवलोकन कराया गया, विभिन्न क्षेत्रों में जल निकासी में उत्पन्न हो रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नदियों एवं नालों पर हो रहे अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र चिन्हांकन कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ जल निकासी मार्गों को सुचारू बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागाध्यक्ष आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें ताकि आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके। ?बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा., मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई/ बाढ़ खंड, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### ई-लॉटरी से मिलेगा बीज, खरीफ-2026 के लिए नई व्यवस्था लागू

क्यूँ न लिखूँ सच / अरविंद कुमार / पीलीभीत / पीलीभीत । जनपद के किसानों के लिए खरीफ-2026 सीजन में बीज वितरण व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। कृषि विभाग ने पहले आओ-पहले पाओ प्रणाली को समाप्त करते हुए अब बीजों का वितरण ऑनलाइन बुकिंग और ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से करने का निर्णय लिया है। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत धान, उर्द, ढैंचा, संकर मक्का समेत सामान्य बीजों तथा उर्द, तिल, मूंगफली, मूंग, अरहर, कोदो, सांवा, बाजरा, रागी व ज्वार के मिनीकिट बीजों का वितरण किया जाएगा। विभागीय पोर्टल https://agriculture.up.gov.in पर बीजों की बुकिंग 22 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 10 मई 2026 निर्धारित की गई है। किसान अपनी आवश्यकता के अनुसार ऑनलाइन पंजीकरण कर बीज बुक कर सकते हैं। यदि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो जनपद स्तरीय समिति की निगरानी में ई-लॉटरी के जरिए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। विभाग के अनुसार यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी। अधिक जानकारी के लिए किसान उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मिली भारी खामियां, बीएसए ने लगाई फटकार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। नगर क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बीएसए डॉ. विनीता ने टीम के साथ औचक निरीक्षण किया, जिसमें व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में खामियां ही खामियां देखने को मिलीं। बीएसए को विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब मिली। शौचालय और डॉरमेट्री गंदगी से भरे पाए गए, वहीं बिजली के पाइप लटके होने और खिड़कियों के शीशे व जालियां टूटी मिलीं, जिससे छात्राओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। रसोईघर में भी लापरवाही सामने आई, जहां तैयार की जा रही सिवइयों की मात्रा संतोषजनक नहीं पाई गई। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले और आवागमन पंजिका में नियमित अंकन भी नहीं पाया गया। नामांकन और उपस्थिति की स्थिति भी चिंताजनक रही। खासतौर पर कक्षा 11 और 12 में एक भी छात्रा का नामांकन नहीं मिला। बीएसए डॉ. विनीता ने वार्डन और स्टाफ को सख्त निर्देश देते हुए साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण भोजन, शत-प्रतिशत नामांकन और नियमित पठन-पाठन सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पाई गई खामियों पर स्पष्टीकरण भी तलब किया गया है।

## नगर निगम के लाल निशान से व्यापारी परेशान

# नगर आयुक्त को दिए ज्ञापन में दहशत फैलाने का लगाया आरोप




क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। नगर निगम की ओर से कोहाड़ापीर से नैनीताल रोड पर गाटा संख्या 481 पर लगाए लाल निशानों ने प्रशासन और व्यापारियों के बीच टकराव की स्थिति पैदा कर दी है। उमेश गुप्ता की संपत्ति को अतिक्रमण की जद में बताने की कोशिश को रुहेलखंड उद्योग व्यापार मंडल ने सिरे से खारिज कर दिया है। गुरुवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मेहरोत्रा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने 27 सितंबर 2019 को ही अपने पत्र में स्पष्ट कर दिया था कि यह निर्माण पक्की सड़क के मध्य से 12.50 मीटर की सुरक्षित दूरी पर है। तहसील प्रशासन की पूर्व की जांच रिपोर्ट में भी यह भूमि किसी चकरोड, तालाब या नाले की श्रेणी में नहीं पाई गई है, फिर नगर निगम किस आधार पर इसे अवैध घोषित कर रहा है। व्यापारियों ने इस बात पर भी हैरानी जताई कि यह संपत्ति स्वयं बीडीए की ओर से बेची गई थी, तो अब इसे अतिक्रमण कैसे माना जा सकता है। व्यापार मंडल ने कहाकि सिविल कोर्ट ने 1998 में ही इसके ध्वस्तीकरण पर स्थायी रोक लगा दी थी और बाद में हाईकोर्ट ने भी आदेश दिया था कि विधिक प्रक्रिया के बिना कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। बावजूद 10 अप्रैल को लाल निशान लगाकर दहशत का माहौल बनाने की कोशिश की गई। जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र सक्सेना और शहर अध्यक्ष मनोज कपूर ने चेतावनी दी कि व्यापारियों का सब्र जवाब दे रहा है।

नगर निगम पीडब्ल्यूडी के मानकों और न्यायालय के आदेशों का अध्ययन करे। साथ ही यह भी जांच की जाए कि बीडीए की ओर से बेची गई इस संपत्ति को किन आधारों पर अतिक्रमण की श्रेणी में रखकर लाल निशान लगाए गए हैं। बिना जांच और विधिक प्रक्रिया के किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की गई, तो व्यापार मंडल उग्र आंदोलन करेगा।

# बरेली में बनेगा नया पर्यटन स्थल मनौना धाम विभाग ने बनाई कार्य योजना





क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली जिले के आंवला तहसील क्षेत्र में स्थित मनौना धाम आने वाले समय में धार्मिक स्थल साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित होगा और अपनी नई पहचान बनाएगा। मनौना धाम के प्रति श्रद्धालुओं के निरंतर बढ़ते आकर्षण और भारी भीड़ को देखते हुए पर्यटन विभाग ने इसे अपनी आगामी कार्ययोजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। विभाग का लक्ष्य वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान यहां सुविधाओं का व्यापक विस्तार करना है, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को विश्वस्तरीय अनुभव मिल सके। मनौना धाम की ख्याति अब प्रदेश ही नहीं पूरे देश में फैल चुकी है, जहां प्रतिदिन औसतन 10 हजार श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाते हैं। पर्यटन विभाग के हालिया आंकड़ों ने सबको चौंका दिया है जिसके अनुसार जिले में आने वाले कुल पर्यटकों में से लगभग 30 प्रतिशत लोग विशेष रूप से मनौना धाम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस संख्या को देखते हुए शासन को करीब 10 करोड़ रुपये का विस्तृत प्रस्ताव भेजा जा रहा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की सूरत को पूरी तरह बदलना है।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि मनौना धाम में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है,

जिस वजह से वित्त वर्ष में इसकी कार्ययोजना बना कर शासन को भेजी जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद यहां पर निर्माण कार्य शुरू होगा।

# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में जन-आक्रोश महिला सम्मेलन, 33% आरक्षण पर सरकार का बड़ा संदेश



क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। प्रदेश के मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जन-आक्रोश महिला सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन इनवर्टिस यूनिवर्सिटी में किया गया । इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह एकता और एकजुटता का विषय है और बताया कि 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाकर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रयास किया गया, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष का सहयोग मिलता और पर्याप्त सांसद समर्थन में होते तो यह ऐतिहासिक बिल पास हो सकता था। उन्होंने पंचायतों और नगर निकायों में महिलाओं को मिले आरक्षण का उदाहरण देते हुए कहा कि इसी का परिणाम है कि आज बरेली में जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में एक महिला नेतृत्व कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जब राष्ट्र के नाम सम्बोधन दिया कि ना मैं हिम्मत हारा हूँ, ना मेरा हौसला टूटा है, मैं मातृ शक्ति को 33 प्रतिशत आरक्षण दिला कर रहूँगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं जिस भी क्षेत्र में अवसर पाती हैं, वहां उत्कृष्ट कार्य करती हैं लेकिन मुख्य बात है अवसर मिलना चाहिए और यह मौका भाजपा देगी। लेकिन विपक्ष ने माखौल उड़ाने का कार्य किया है उन्हें आधी आबादी का श्राप लगेगा और भाजपा को आधी आबादी का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वह है जो सती के रूप में यमराज से अपने पति के प्राण वापस ले आयी थी और रानी लक्ष्मी बाई के रूप में अपने दुध मुंहे बच्चे को पीठ में बांधकर अंग्रेजों से लड़ी थी तथा सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं को पढ़ने का अधिकार दिया।

उन्होंने बताया हमारी सरकार ने 40 करोड़ महिलाओं का बैंक खाता खुलवाया, 10 करोड़ घरों में शौचालय बनवाया, 7 करोड़ गरीब परिवारों को आवास दिये जिनमे 90 प्रतिशत महिलाओं के नाम है, आयुष्मान कार्ड, 10 करोड़ महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत सिलेण्डर, 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया तथा 6 करोड़ महिलाओं का लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य पुन: लिया गया है। प्रधानमंत्री का नारा है %%बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और बेटी को आगे बढ़ाओ।%% उन्होंने कहा कि देश की नारी शक्ति का सम्मान अगर किसी ने किया है तो भाजपा ने किया है। हमारे देश की राष्ट्रपति व प्रदेश की राज्यपाल भी महिला हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने 2026 में जो पाप किया है उसका परिणाम 2027 में उसे भुगतान पड़ेगा। यह विरोध इस परिसर का नहीं रहना चाहिए इसे घर-घर तक पहुंचाना है।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती थी लेकिन विपक्ष के कारण यह संभव नहीं हो पाया। महापौर ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं के सपनों को कुचलने का कार्य किया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नारी का उत्थान और नारी का सम्मान यही है भाजपा की पहचान लेकिन विपक्ष ने महिलाओं के साथ छल किया है।

सांसद ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बारी जब आयी तो लेकिन विपक्ष के कारण यह संभव नहीं हुआ, यह आक्रोश जन-जन तक जाए।

क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि देश के मा0 प्रधानमंत्री जी ने 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का सपना देखा, जिसके लिए महिलाओं की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रयास किया गया था, जिसे विपक्ष ने रोक दिया।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार, महापौर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, सांसद बरेली छत्रपाल गंगवार, विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह व बहोरन लाल मौर्य, विधायक मीरगंज डॉ डीसी वर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ एमपीआर्य, विधायक बिथरी चैनपुर डॉराघवेन्द्र शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह शाक्य, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, आंवला जिला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महिला ब्लाक प्रमुख /सभासदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

# सर्राफ की दुकान से जेवरात उड़ाए, कैमरे में कैद हुई घटना

रामपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में दो महिलाओं ने मिलकर एक सर्राफा की दुकान को निशाना बना लिया। दुकान स्वामी की गैर मौजूदगी में दोनों अंदर घुस गईं और दराज में रखे सोने-चांदी के जेवर लेकर चंपत हो गईं। चोरी हुए जेवर की कीमत लाखों में हैं। दुकान स्वामी जब मौके पर आईं तो उसे चोरी की जानकारी हुई। दुकान में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घेर उस्मान खां निवासी अर्चना अग्रवाल का कहना है कि उनकी सर्राफा बाजार में जेवरात की दुकान है। बुधवार को वह अपने समय पर दुकान गईं। शाम करीब पौने पांच बजे वह किसी काम से अपने पड़ोस की दुकान में गई थीं, जिस कारण शटर खुला था। इस बीच दो महिलाएं व एक पुरुष उनकी दुकान में घुस गए। आरोप है कि वे दराज में रखे सोने-चांदी के जेवर निकालकर चंपत हो गए। चोरी हुए जेवर की कीमत लाखों में हैं। कुछ देर बाद जब वह वापस दुकान पर आईं तो दराज खुली देखकर चौंक गईं।चेक करने पर पाया कि दराज में रखा पूरा जेवर गायब है। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी को चेक किया तो उसमें पूरी घटना कैद थी। इसके बाद वह शहर कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। शहर कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# These 7 "infused waters" are the best for weight loss, controlling belly fat as well as cravings.

Certain types of infused water help activate metabolism, which benefits weight loss. Infused waters help promote weight loss by increasing metabolism. Infused waters like lemon-mint, cucumber, and ginger-lemon are beneficial for health—they also help reduce belly fat and sweet cravings. Weight loss isn't solely dependent on diet and exercise; staying properly hydrated is equally important. Plain water helps detoxify the body, but infused water, made with natural ingredients, can make weight loss even safer and more effective. Infused water boosts metabolism, controls appetite, and helps flush out toxins from the body. Let's learn about these excellent infused waters that can aid weight loss. These infused waters are helpful in weight loss: Lemon and Mint Water - Lemon is rich in Vitamin C, which increases the fat burning process. Adding mint improves digestion and makes the stomach feel lighter. Drinking this infused water on an empty stomach in the morning is very beneficial. Cucumber Water - Cucumber is high in water and fiber. This has a cooling effect on the body and prevents overeating. Cut cucumber slices and add them to the water and let it cool for a while. This water is ideal for summer. Ginger-Lemon Water - Ginger is a thermogenic food, meaning it speeds up metabolism. Lemon adds Vitamin C and detoxifying properties. This water not only promotes fat loss but also strengthens immunity. Apple-Cinnamon Water - The combination of apple and cinnamon controls blood sugar levels. It reduces cravings for sweets and aids in weight management. Add apple slices and a cinnamon stick to a jug of water and refrigerate overnight. Orange-Mint Water - Oranges are rich in vitamin C and antioxidants. Adding mint makes it a refreshing and energizing drink, especially helpful in controlling mid-day cravings.



Berry-Infused Water - Strawberries, blueberries, or raspberries are rich in antioxidants and fiber. They remove free radicals from the body and promote glowing skin. Berry water is an excellent low-calorie detox drink. Aloe Vera-Lemon Water - Aloe vera improves digestion and helps flush out toxins. Adding lemon makes it an even more effective detox drink. Drinking this water on an empty stomach in the morning can promote weight loss and improve skin health. Infused water not only aids weight loss but also keeps the body hydrated, energized, and detoxified. You can use these drinks in your daily rotation.

# Skip expensive cleaners! These magical home remedies will clear stubborn hard water stains in minutes.

Your taps, buckets, and appliances can indicate hard water in your home. Signs of hard water include a white coating on taps and pipes; clothes feel stiff and lifeless after washing; skin and hair become dry and lifeless. Hard water is extremely harmful to your plumbing, hair, and skin. In fact, hard water may contain minerals like calcium and magnesium, as well as aluminum and iron. This type of water forms a layer on everything it comes into contact with. In this article, we'll learn how hard water appears and how to prevent it. These signs can help identify it: Deposits on taps: A layer of hard water forms on your pipes, taps, and shower heads. This white, chalky appearance can cause the shower head to clog. Stains don't go away: White deposits form in circular shapes in the toilet bowl or tub. Utensils appear spotted: Even after thorough washing, white marks appear on the utensils when they dry. Appliances break down quickly: The performance of appliances like water heaters, dishwashers, and washing machines is reduced due to mineral deposits, requiring frequent repairs. Stiffness in clothes: Clothes washed in hard water feel stiff and rough after drying. Stains and stains become difficult to remove, and they quickly begin to look old. Skin and hair get damaged: If a film remains on the face even after thorough cleaning and scrubbing, it could be due to hard water. Hair appears dry and lifeless due to such water, and the skin becomes dry. Avoid the problems of hard water in this way Install filter in tap or shower- To overcome the problem of skin and hair due to hard water, if you want, you can install filter in bathroom taps or shower head. This reduces the minerals in water to a great extent.



Water softening system- If your water pipes or clothes are getting damaged due to hard water, then water softening system can be a better option for the entire house. Hard water products- Some cleaning products are specially made to work better in hard water. Such products can save your clothes, hair and skin from getting damaged to a great extent.

# These 10 tips from the American Heart Association will keep heart disease at bay; incorporate them into your lifestyle immediately.

Continuous sedentary work, junk food, and lack of sleep are proving to be detrimental to the heart. Improvements are essential for prevention. Adopt a healthy diet and regular physical activity. Keep cholesterol and blood pressure under control—cholesterol screening is recommended even in children. Currently, heart disease is on the rise due to pollution and lifestyle changes. Millions of people die every year due to heart disease. From the elderly to the young, even children are affected. Stress and lack of physical activity, along with dietary and daily routine disruptions, have caused significant damage to the heart. Experts say that our unhealthy habits have exacerbated high blood pressure and cholesterol, which are the leading causes of heart disease. Experts say that long hours spent sitting at work, eating junk food, staying up late, and a stressful daily routine have exacerbated the cholesterol problem. Cholesterol gradually accumulates in the arteries, narrowing them. This prevents adequate blood flow to the heart. This increases the risk of heart attacks, strokes, and blockages. The American Heart Association (AHA) has listed 10 important things to know: A healthy diet is crucial. Eat foods rich in vegetables, fruits, whole grains, beans, nuts, seeds, and lean protein. Limit processed foods, as they contain saturated fat, high sugar, and sodium. Lifestyle changes can help lower cholesterol. Maintaining weight control, engaging in regular physical activity, avoiding tobacco use, and managing blood pressure and diabetes are essential. Getting 7-9 hours of restful sleep daily is essential. High cholesterol in children can be caused by genetic factors or unhealthy habits. Cholesterol screening is now recommended for children aged 9-11 years. High cholesterol increases heart risk as early as childhood and adolescence. People at high risk for heart disease should get screened. Children and adults with parents with



heart disease should consult their doctor and have regular heart checkups and necessary tests. People with certain conditions, such as type 2 diabetes, cardio-kidney metabolic syndrome, HIV infection, and cancer, along with high cholesterol, may be at increased risk for heart disease or stroke. Lowering cholesterol can help reduce the risk of heart disease. Doctors can use a new risk estimator called Prevent to estimate your risk of heart disease or stroke in the next 10–20 years. This tool determines risk based on age, blood pressure readings, cholesterol tests, and other information. Taking dietary supplements to control cholesterol is not recommended. If you take any supplements, consult your doctor. Certain reproductive conditions in women can increase the risk of heart disease and stroke. Understand your risk factors and share information about your cholesterol, blood pressure, blood sugar, and BMI with your specialist. Medication may also be prescribed to lower your cholesterol levels.

